हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 98 देहरादून, सोमवार, 03 अक्टूबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



मुख्यमंत्री ने किया बापू को नमन

4

# असामाजिक तत्वों को हमारे राज्य में रहने का कोई हक नहीं : मुख्यमंत्री





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 2 अक्टूबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद स्थल रामपुर तिराहा मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश में उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलकारी शहीदों की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शहीद स्थल पर उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने इस मौके पर घोषणा की कि दिवंगत महावीर शर्मा जी, जिन्होंने इस शहीद स्थल के लिये अपनी भूमि दान की, उनकी स्मृति में यहां पर एक प्रतिमा स्थापित की जायेगी तथा ग्राम- रामपुर, सिसौना, मेघपुर एवं बागोंवाली ग्रामवासियों की सहृदयता एवं जन भावना के दृष्टिगत 2016 में जन मिलन केन्द्रों का निर्माण कराया गया था, उनके पुनर्निर्माण का कार्य किए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य निर्माण के लिए सही गई कठोरतम पीड़ाओं में से एक रामपुर तिराहा कांड की बरसी पर मैं उत्तराखंड के एक-एक आंदोलनकारी को दंडवत नमन करता हूं। उन्होंने कहा अपनी अस्मिता के लिए शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे उत्तराखंडियों को मिला ये घाव आज तक भरा नहीं है और प्रदेश का एक-एक जन आज भी इसके दर्द को महसूस करता है। उन्होंने रामपुर तिराहा गोलीकांड में अपना बलिदान देने वाले आंदोलनकारियो को नमन किया। उन्होंने कहा शहीद हुए आंदोलनकारियो के सपनों के अनुरुप राज्य का निर्माण हो इसके लिए हमारी सरकार हर क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे ले जाने का कार्य कर रही है। उन्होंने प्रण लेते हुए कहा कि हम शहीद आंदोलनकारियों द्वारा दिखाई गई राह और उनके द्वारा स्थापित आदर्शों को अपना आधार बनाकर उत्तराखंड का विकास सुनिश्चित करेंगे।




मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम प्रत्येक दिन उत्तराखंड राज्य को उसकी मूल रचना एवं आधार के अनुरूप आगे ले जाने का कार्य कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केदारनाथ धाम से 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था जिस पर केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा इस बार चार धाम यात्रा में अभी तक 39 लाख ( रजिस्टर्ड ) श्रद्धालुओं ने यात्रा की है, मां गंगा एवं बाबा केदार के आशीर्वाद से यात्रा सुगम एवं सुरक्षित चल रही है। पहली बार हमारी सरकार ने काँवड़ यात्रा में बजट का प्रावधान किया। उन्होंने कहा 2013 आपदा के बाद केदारनाथ पुनर्निर्माण का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुआ जिसके फलस्वरूप आज केदारनाथ का भव्य एवं दिव्य प्रांगण पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाया हुआ है, एवं बद्रीनाथ के मास्टर प्लान पर कार्य चल रहा है, उन्होंने कहा दिल्ली - देहरादून हाईवे बनने से दोनों शहरों की दूरी करीब 2 घंटे में तय कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कुमाऊं क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पौराणिक मंदिरों को जोड़ कर मानसखण्ड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी के साथ हुआ कृत्य क्षमा योग्य नहीं है एवं ऐसे असामाजिक तत्वों को हमारे राज्य में रहने का कोई हक नहीं है। उन्होंने कहा कानून के माध्यम से अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से माननीय न्यायालय में मामले को आगे बढ़ाया जाएगा।उन्होंने इस अवसर पर शहीद स्मारक स्थल हेतु अपनी जमीन दान करने वाले दिवंगत पंडित महावीर शर्मा को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि आंदोलनकारियों की कुर्बानियों पर यह राज्य बना हुआ है। उत्तराखंड राज्य की मांग को लेकर हुए आंदोलन ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खिंचा था। उन्होंने कहा स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी ने राज्य निर्माण की घोषणा की।अलग राज्य होने के बावजूद उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के लोगों में प्यार अभी भी बना हुआ है। उन्होंने कहा राज्य निर्माण की मांग इसलिए हुई थी ताकि हमारे दूरदराज पहाड़ों में मूलभूत सुविधाएं पहुंचे। आज मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संपूर्ण उत्तराखंड का विकास हमारे आंदोलनकारियों एवं शहीदों के सपनों के अनुरूप हो रहा है। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री संजीव कुमार बाल्यान, कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार ( उत्तर प्रदेश सरकार) कपिलदेव अग्रवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, विधायक प्रदीप बत्रा, सचिव उत्तराखंड शासन एच.सी सेमवाल एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## उत्तरकाशी में महसूस हुए भूकंप के झटके

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



**रिक्टर पैमाने पर 2.5 रही तीव्रता, घरों से बाहर निकले लोग**

उत्तरकाशी, 2 अक्टूबर। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में रविवार सुबह भूकंप का तेज झटका आया। भूकंप का झटका इतनी तेज था कि लोग घरों से बाहर निकल आए। रविवार सुबह लोग आम दिनों की तरह दैनिक क्रियाकलापों में व्यस्त थे, कि इसी बीच 10:43 बजे भूकंप तेज झटका आया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गयी है। जिला आपदा प्रबंधन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार भूकंप का केंद्र बाड़ाहाट रेंज में ग्राम नाल्ड के जंगलों में जमीन से पांच किमी नीचे था।

इधर, तहसीलदार बड़कोट शीशपाल सिंह असवाल ने बताया कि तहसील बड़कोट, पुरोला, मोरी क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस नहीं हुए हैं। वहीं भूकंप के झटके ने अक्टूबर माह में ही वर्ष 1991 में आए विनाशकारी भूकंप की यादें ताजा कर दी।

बता दें कि बीती 22 जुलाई को भी उत्तरकाशी में तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। भूकंप के झटके की रिएक्टर स्केल पर तीव्रता 3.6 मापी गई थी।

## अंकिता को न्याय के लिए उत्तराखंड बंद का मिलाजुला असर

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

■ मसूरी में दोपहर तक बंद रहे बाजार

देहरादून, 2 अक्टूबर। अंकिता भंडारी हत्याकांड के विरोध में उत्तराखंड बंद का गढ़वाल मंडल में मिलाजुला असर देखने को मिला। बंद का सबसे ज्यादा असर मंडल के पौड़ी (मृतक अंकिता के गृहक्षेत्र और आसपास), चमोली और रुद्रप्रयाग जनपद में दिखा। यहां पूरा दिन अधिकांश बाजार बंद रहे। चारधाम यात्रा मार्ग पर भी कई जगह बाजार बंद रहे। गढ़वाल के अन्य जिलों टिहरी, उत्तरकाशी और देहरादून में कुछ बाजार खुले रहे तो कुछ बंद। विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने बंद के दौरान प्रदर्शन कर सरकार से अंकिता को न्याय दिलाने की मांग की। देहरादून में अंकिता के हत्यारों के लिए फांसी की सजा और प्रकरण की सीबीआइ जांच कराने की मांग को लेकर 14 संगठनों ने गांधी पार्क में सुबह 10 बजे से दोपहर ढाई बजे तक धरना दिया। उधर, कुमाऊं मंडल में बंद का आंशिक असर देखने को मिला। वहां हल्द्वानी, नैनीताल, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, चंपावत, बनबसा, काशीपुर में ही दोपहर तक कुछ दुकानें बंद रही।

# करवाचौथ पर शुभ संयोग, व्रत रखने का सही तरीका





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 2 अक्टूबर। भारत में हर साल करवाचौथ मनाया जाता है. हिंदू धर्म में इस व्रत को बेहद महत्वपूर्ण समझा जाता है. अनेक महिलाएं इस दिन अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत (Karwa Chauth Vrat) रखती हैं. माना जाता है कि सावित्री अपने पति को मृत्यु के मुंह से निकाल लाई थी और तभी से इस दिन को मनाने की शुरूआत हुई है. बता दें कि इस साल करवाचौथ 13 अक्टूबर के दिन पड़ रहा है. इस दिन खास संयोग बनता हुआ भी माना जा रहा है.

**करवाचौथ पर बन रहा है खास संयोग**

13 अक्टूबर की शाम को शाम 6 बजकर 41 मिनट तक कृतिका नक्षत्र माना जा रहा है जिसके बाद रोहिनी नक्षत्र आरंभ होगा. इसके साथ ही ज्योतिषनुसार करवाचौथ के दिन चंद्र देव वृष राशि में संचार करेंगे. इस गोचर और रोहिणी नक्षत्र के संयोग को ही करवाचौथ के दिन बेहद शुभ माना जा रहा है जो व्रत रखने वाली सुहागिनों के लिए भी अच्छा साबित होगा.

**करवाचौथ शुभ मुहुर्त**

13 अक्टूबर के दिन 5 बजकर 54 मिनट से 7 बजकर 9 मिनट तक का समय करवाचौथ पूजा के लिए शुभ माना जा रहा है. इसके बाद चंद्रोदय होने पर महिलाएं पति के साथ पूजा (Puja) करके अपना व्रत तोड़ पाएंगी.

**करवाचौथ पूजा विधि**

करवाचौथ की शुरूआत महिलाओं के सुबह उठकर निवृत्त होने से होती है. कई महिलाएं पिछली रात 12 बजे के बाद से ही कुछ खाती-पीती नहीं हैं. सुबह के समय ही लौटे में जल और करवे में गेंहू भरकर रखा जाता है. इसके बाद महिलाएं इकट्ठा होकर करवाचौथ व्रत की कथा (Karwa Chauth Katha) सुनती हैं और साथ ही हाथ में चावल लेकर बैठती हैं जिसे बाद में पूजा करते समय अर्क के लिए इस्तेमाल किया जाता है. आखिर में चांद निकलने के बाद पूजा करके, चांद को और फिर पति को देखा जाता है और फिर पति के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ा जाता है.

# RBI ने FD के नियमों में किया बदलाव, जानिए नए नियम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




FD के नियम बदलेः अगर आप भी करते हैं फिक्स्ड डिपॉजिट, तो जान लें कि RBI ने FD के बड़े नियम बदल दिए हैं. आरबीआई ने कुछ समय पहले एफडी से जुड़े नियमों में बदलाव किया था और ये नए नियम भी प्रभावी हो गए हैं। रेपो रेट बढ़ाने के आरबीआई के फैसले के बाद कई सरकारी और गैर-सरकारी बैंकों ने भी एफडी पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी शुरू कर दी है। इसलिए FD कराने से पहले ये खबर जरूर पढ़ लें. नहीं तो आपको नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**FD की मैच्योरिटी पर बदले हुए नियम**

दरअसल, RBI ने Fixed Deposit (FD) के नियमों में बड़ा बदलाव किया है कि अब मैच्योरिटी पूरी होने के बाद अगर आप राशि का दावा नहीं करते हैं तो आपको उस पर कम ब्याज मिलेगा. यह ब्याज बचत खाते पर मिलने वाले ब्याज के बराबर होगा। वर्तमान में, बैंक आमतौर पर 5 से 10 साल की लंबी अवधि के साथ FD पर 5% से अधिक ब्याज देते हैं। जबकि सेविंग अकाउंट पर ब्याज दर करीब 3 फीसदी से 4 फीसदी के बीच है।

**RBI ने जारी किया यह आदेश**

आरबीआई की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक अगर फिक्स्ड डिपॉजिट मैच्योर होता है और रकम का भुगतान या क्लेम नहीं किया जाता है तो उस पर सेविंग अकाउंट के हिसाब से ब्याज दर या मैच्योर एफडी पर तय ब्याज दर, जो भी कम हो, दिया जाएगा. . ये नए नियम सभी वाणिज्यिक बैंकों, लघु वित्त बैंकों, सहकारी बैंकों, स्थानीय क्षेत्रीय बैंकों में जमा पर लागू होंगे।




**जानिए क्या कहते हैं नियम**

इसे ऐसे समझें कि मान लीजिए आपने 5 साल की मैच्योरिटी वाली FD करा ली है, जो आज मैच्योर हो गई है, लेकिन आप इस पैसे को नहीं निकाल रहे हैं, तो इस पर दो स्थितियां होंगी. अगर FD पर मिल रहा ब्याज उस बैंक के सेविंग अकाउंट पर मिलने वाले ब्याज से कम है तो आपको FD के साथ ब्याज मिलता रहेगा. अगर FD पर अर्जित ब्याज बचत खाते पर अर्जित ब्याज से अधिक है, तो आपको परिपक्वता के बाद बचत खाते पर ब्याज मिलेगा।

**पुराना नियम क्या था?**

पहले जब आपकी FD मैच्योर होती थी और अगर आपने इसे वापस नहीं लिया या क्लेम नहीं किया, तो बैंक आपकी FD को उसी अवधि के लिए बढ़ा देता था, जिसके लिए आपने पहले FD किया था। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. लेकिन अब अगर मैच्योरिटी पर पैसा नहीं निकाला गया तो उस पर FD का ब्याज नहीं मिलेगा. इसलिए बेहतर होगा कि आप मैच्योरिटी के तुरंत बाद पैसे निकाल लें।

# एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर का नशे के खिलाफ महाभियान जारी, एक बड़ा तस्कर गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में चरस बरामद

## एसपी सिटी सरिता डोभाल और सीओ अनिल जोशी की रणनीति से मिली बड़ी सफलता




**मो.सलीम सैफी**
**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 2 अक्टूबर। नशे के सौदागरों के खिलाफ मिशन मोड पर एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर की पहल रंग लाई है, राजधानी देहरादून में चल रहे महाभियान के तहत नशे की गिरफ्त में आये व्यक्तियों की काउंसलिंग के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां दून पुलिस को मिली है,उसी सूचना पर देहरादून पुलिस को गांधी जयंती पर एक बड़ी सफलता मिली है,एक अन्तर्राज्यीय तस्कर दो किलो0 चरस (जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार कीमत पांच लाख रूपये है) के साथ पकड़ा गया है,थाना रायपुर पुलिस को ये सफलता मिली है जिन्होंने एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर के कुशल निर्देशन में ये बड़ी सफलता पाई है,पर्यवेक्षण अधिकारी पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी नेहरू कॉलोनी अनिल जोशी ने अपने क्षेत्र में आने वाले दोनो थानों नेहरू कॉलोनी और रायपुर के थानेदारों को निर्देशित कर रखा है कि उनके क्षेत्र में नशे के सौदागरों और दलालों को कतई बक्शा न जाए,उसी के क्रम में रायपुर के थानाध्यक्ष मनमोहन सिंह नेगी काफी मुस्तैद दिखाई देते है जिसके चलते उन्हें ये बड़ी सफलता मिली है,पुलिस टीम को प्रोत्साहित करते हुए एसएसपी दिलीप सिंह कुंवर ने थानाध्यक्ष मनमोहन सिंह नेगी और उनके सहकर्मियों को दस हजार रुपए इनाम देने की घोषणा भी की है, रायपुर पुलिस को मिली सफलता का पूरा विवरण इस प्रकार है।

**थानाध्यक्ष रायपुर मनमोहन नेगी और उनकी टीम को 10,000/- के इनाम की घोषणा**

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

1- गुलजार पुत्र शब्बीर निवासी मिर्जापुर गाड़ा रोड थाना मिर्जापुर तहसील बेहट, उत्तर प्रदेश, उम्र- 40 वर्ष।

**पुलिस टीम :** 01- अनिल जोशी, क्षेत्राधिकारी नेहरुकोलोनी02- मनमोहन नेगी, थानाध्यक्ष रायपुर 03- व0उ0नि0 आशीष सिंह रावत 04- उ0नि0 राजीव धारीवाल, चौकी प्रभारी मालदेवता 05- कांस्टेबल सौरव बलिया, कांस्टेबल मनोज, कांस्टेबल दीप प्रकाश 06- म0का0 शोभा सेमवाल।

# पहाड़ का मन टटोल रही समान नागरिक संहिता की समिति

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 2 अक्टूबर। राज्य स्तरीय समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने जनपद चमोली के गोपेश्वर मुख्यालय और जनपद रुद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में लोगों से मिलकर उनके सुझाव सुने।

चमोली जनपद के मुख्यालय गोपेश्वर में जनसामान्य के साथ बैठक का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस बैठक में महिलाओं व युवाओं ने एक समान कानून पर अपने विचार व्यक्त किये। पहाड़ के सम्बन्ध में उनकी इस कानून से अपेक्षायें भी विशेषज्ञ समिति के सामने रखी गयी। सदस्यों द्वारा समान नागरिक संहिता के विषय में अधिक से अधिक लोगों तक जागरूक करने के लिए भी लोगों से अपील की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, महिलाओं व आम जन उपस्थित रहे। माननीय सदस्य शत्रुघ्न सिंह, मनु गौड़ व डॉ सुरेखा डंगवाल ने अमूल्य सुझावों हेतु उपस्थित जनों को धन्यवाद किया।




जनपद रूद्रप्रयाग के अगस्त्यमुनि में विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को समान नागरिक संहिता के बारे में जानकारी दी। अगस्त्यमुनि महाविद्यालय के परिसर में लोगों के सुझाव प्राप्त करते हुए यह आशा व्यक्त की गयी कि अधिक से अधिक सुझाव समान नागरिक संहिता बनाने में महत्तवपूर्ण योगदान देंगे। युवाओं द्वारा विवाह, तलाक जैसे सामाजिक मुद्दों पर समिति के सदस्यों से चर्चा की गयी, बैठक में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं, शिक्षकों, युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सदस्य शत्रुघ्न सिंह, मनु गौड़ व डॉ सुरेखा डंगवाल के द्वारा जानकारी दी गयी कि क्षेत्र भ्रमण कर राज्य के समस्त क्षेत्रों से प्राप्त होने वाले सुझाव, उन्हें रिपोर्ट तैयार करने में मद्दगार होंगे।

राज्य स्तरीय समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा नागरिकों का पक्ष सुनने के लिए क्षेत्र में भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य राज्य के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को समान नागरिक संहिता की जानकारी देकर उनके सुझाव प्राप्त करना है। विशेषतौर से महिलाओं व युवाओं को इसके बारे में बताते हुए विवाह, संरक्षण, तलाक, गोद लेना, सम्पत्ति का अधिकार, आदि पर सुझाव प्राप्त कर तैयार की जाने वाली रिपोर्ट में शामिल करना है।



# दिल्ली का यह नया कानून उत्तराखंड में भी लागू हो सकता है, जानिए डिटेल्स

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है. इसके तहत राष्ट्रीय राजधानी के पेट्रोल पंपों पर 25 अक्टूबर से बिना पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण जांच) प्रमाण पत्र के पेट्रोल-डीजल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

**पर्यावरण मंत्री की घोषणा**

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को कहा कि इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी. उन्होंने कहा कि 29 सितंबर को पर्यावरण, परिवहन एवं यातायात विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें 25 अक्टूबर से इस योजना को लागू करने का निर्णय लिया गया.

**क्यों लिया गया यह फैसला?**

राय ने कहा, "दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि में वाहनों के उत्सर्जन का प्रमुख योगदान है। इसे कम करना आवश्यक है, इसलिए यह निर्णय लिया गया है कि बिना पीयूसी प्रमाण पत्र के




पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल, डीजल उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

**कंट्रोल पैनल शुरू होगा**

राय ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार प्रदूषण से निपटने और संशोधित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP) को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 3 अक्टूबर से 24 घंटे का नियंत्रण कक्ष शुरू करेगी। मंत्री ने कहा कि दिल्ली में छह अक्टूबर से धूल विरोधी अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके तहत धूल से होने वाले प्रदूषण की जांच के लिए निर्माण स्थलों का औचक निरीक्षण किया जाएगा.



# मुख्यमंत्री ने किया बापू को नमन





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 2 अक्टूबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती के अवसर पर गांधी पार्क, देहरादून में उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया। भारत को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने के साथ ही मानवता के प्रति करूणा का भाव पैदा करना होगा। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजानदास एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट भी उपस्थित थे।

# शहीद स्थल पर सरकार ने झुकाए शीश





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून, 2 अक्टूबर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शहीद स्थल कचहरी में उत्तराखंड राज्य आन्दोलनकारी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलनकारियों के संघर्ष के परिणामस्वरूप ही हमें नया राज्य मिला। शहीद राज्य आन्दोलनकारियों के सपने के अनुरूप राज्य के विकास के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। 2025 तक उत्तराखण्ड को हर क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना है, जिससे कि राज्य आन्दोलन के शहीदों के सपनों के अनुरूप प्रदेश का समग्र विकास किया जा सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य आन्दोलनकारियों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। इस अवसर पर सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजानदास, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका उपस्थित थे।

# पंचायत चुनाव के बाद कांग्रेस को बड़ा झटका, विधायक ममता राकेश के बेटा और बेटी भाजपा में शामिल

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार, 2 अक्टूबर। हरिद्वार जिले में पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद राजनीतिक नेताओं के चल रहे दल बदल अभियान में कांग्रेस को आज बड़ा झटका है। भगवानपुर से कांग्रेस विधायक ममता राकेश के बेटे अभिषेक राकेश और उनकी बेटी आयुषी राकेश भाजपा में शामिल हो गए हैं।

लक्सर रोड स्थित जगजीतपुर में भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। बता दें कि ममता राकेश की बेटी पंचायत चुनाव में निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य चुनी गई हैं। वह भगवानपुर से ब्लॉक प्रमुख की दावेदारी भी कर रही हैं। इस मौके पर विधायक आदेश चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉक्टर जयपाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

बता दें कि जिला पंचायत की 44 में से 14 सीटें जीतने के बाद जोड़ तोड़ में



जुटी भाजपा को बड़ी कामयाबी मिली है। परिणाम आने के बाद से अभी तक 14 नव निर्वाचित सदस्य भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने हरिद्वार जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुखों के चुनाव के लिए समिति का गठन कर दिया है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान के मुताबिक, जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव के लिए तीन प्रकार की समितियां बनाई गई है। कोर कमेटी प्रत्याशियों का पैनल तैयार करेगी। इसमें प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार, हरिद्वार जिला अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह, हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल तथा प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी के नाम शामिल हैं। जिला पंचायत चुनाव प्रबंधन के लिए भी समिति बनाई है, जिसमें कुलदीप कुमार, डॉ. जयपाल सिंह चौहान, डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, पूर्व विधायक यतीश्वरानंद, विधायक आदेश चौहान के नाम शामिल हैं।

# गोर्खाली सुधार सभा के हमरो दशै कार्यक्रम में मंत्री गणेश जोशी, आचार्य बालकृष्ण रहे मौजूद





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


देहरादून, 02 अक्टूबर। प्रदेश के कृषि, कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण, ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून गढ़ी कैंट में गोर्खाली सुधार सभा द्वारा आयोजित "हाम्रो दशैं सांस्कृतिक महोत्सव" में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह एवं आयुर्वेदाचार्य पतंजलि आचार्य बाल कृष्ण भी मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंत्री जोशी और आचार्य बाल कृष्ण न राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी जयंती पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने मेधावी छात्रों और विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया।

वहीं मंत्री गणेश जोशी ने कहा किसी भी समाज की पहचान उसकी सांस्कृतिक विरासत से होती है,और अपनी संस्कृति को जिंदा रखने का काम गोर्खाली सुधार सभा कर रही है। मंत्री जोशी ने कहा कि हमारा देश त्योहारों का देश है। मंत्री जोशी ने सभी को हमरो दशे पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी । और कहा कि भारतीय सेना में गोर्खाली समाज का बड़ा योगदान है मंत्री जोशी ने कहा कि पिछले साल इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घोषणा कि थी गोर्खाली सुधार सभा के भवन जीर्णोधार का और गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज के जीर्णोधार के कार्य किया लिए धन राशि स्वीकृत हो चुकी है शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

मंत्री जोशी ने गोर्खाली सुधार सभा से अपेक्षा की अगली बार इस कार्यक्रम का आयोजन बड़े स्तर पर किया जाए। वहीं मंत्री जोशी ने कहा कि आज सैनिकों के सम्मान के लिए उत्तराखंड में पांचवे धाम सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। जिसमे शहीदों के आंगन की मिट्टी से सैन्य धाम का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार ने यह संकल्प लिया है राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश हर क्षेत्र में आगे हो इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है।

इस अवसर पर टिहरी सांसद, माला राज्य लक्ष्मी शाह, पतंजलि आयुर्वेदाचार्य आचार्य बाल कृष्ण, अध्यक्ष पदम सिंह थापा, मोहन कार्की, बिरगेडियर पी. एस. गुरुंग, कर्नल आर. एस छेत्री, कर्नल डी. बी. थापा, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# आज गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर हमारा क्लब






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**


रोटरी क्लब दून शिवालिक हिल्स बांटे कपड़े, तौलिये व किराना का सामान रेजिडेंस ऑफ़ चेशायर होम्स डालनवाला देहरादून mein और विकलांगों के लिए घर के निवासियों के साथ भी समय बिताया

# करेली दुर्गा पूजा पार्क पंडाल में स्मार्ट गांव की झलक : मो0 अकरम



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 3 अक्टूबर जीटीबी नगर करेली दुर्गा पूजा पार्क में पूजा पंडाल में लोक संस्कृति की झलक दिख रही है आजकल युवा पीढ़ी लोक संस्कृति से दूर हो रही है इसीलिए पंडाल में ग्रामीण परिवेश को कलात्मक रूप दिखाया गया है। पंडाल के सजावट में चिकनी मिट्टी दोमट पुआल सुतली घास फूस पत्ती बांस बल्ली का प्रयोग किया गया है। पंडाल में बैलगाड़ी कुआं मिट्टी का चूल्हा छप्पर जोड़ा खटिया आदि से सजाया गया है चार लाख की लागत से बनी दुर्गा मां की 8 फीट ऊंची , प्रतिमा स्थापित की गई है लाइट की शानदार सजावट आप को आश्चर्यचकित कर देगी पार्क के अंदर लगे फूल पौधे और पेड़ पंडाल को सुंदर बना दिया है श्रद्धालुओं को इस पंडाल पर आने पर ऐसा लगेगा जैसे हम किसी मॉडल गांव में आ गए हैं।इस पंडाल की खासियत यह है कि यह मुस्लिम इलाके के सबसे घनी आबादी में तैयार किया गया है। और जिसमें हिंदू मुस्लिम एकता की बेहतरीन मिसाल भी नजर आती है । पंडाल के बारे में जानकारी



देते हुए समाजसेवी और उद्योगपति मोहम्मद अकरम ने बताया कि समाज में हिंदू मुस्लिम एकता की जड़ों को और मजबूत करने के लिए इस तरह के प्रयास किए जाते हैं , ताकि हम अपने त्योहारों में भी प्रेम स्नेह और भाईचारे को जाहिर कर सकें। इसी कड़ी में स्मार्ट सिटी की तर्ज पर स्मार्ट विलेज का यह स्वरूप उतारा गया है ताकि लोगों को स्मार्ट लाइफस्टाइल से रूबरू कराया जा सके।

# बदन पर खादी , हाँथ में झाड़ू और गांधी संदेश : यूं दिखे IAS युगल किशोर पंत





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

रूद्रपुर 02 अक्टूबर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधान मंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती जनपद में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया गया। जिला मुख्यालय कलक्टेªट में जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण कर माल्यार्पण के बाद श्रद्धासुमन अर्पित किये। वही सूचना एवं लोक सम्पक विभाग के सांस्कृतिक दल के कलाकारों द्वारा गांधी जी का प्रिय भजन ''वैष्णव जन तो तैने कहिए रामधुन रघुपति राघव राजा राम आदि की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगो को भाव विभोर किया।

उधर विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने गांधी जी व शास्त्री जी चित्रों का अनावरण के बाद माल्यार्पण एवं श्रद्धसुमन अर्पित किये तथा इन दो महापुरूषों को नमन किया।

जिलाधिकारी ने जनपद वासियों को बधाई देते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि हम लोगों को माहा पुरूषों से प्रेरणा लेनी चाहिए और जो राह महापुरूषों ने दिखाई है उस पर सभी को चलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्म पूरी ईमानदारी व निष्ठा से करना चाहिए क्योंकि कर्म ही पूजा है। उन्होने कहा कि गांधी जी सत्य, अहिंसा के अपने विचारों व व्यवहार से पूरे विश्व के लिये प्रेरणा श्रोत है। उन्होने कहा कि देश की उन्नति के लिए गांवों को मजबूत करना होगा, गांवों में सभी सुविधाऐ उपलब्ध करानी होगी ताकि गांव आत्मनिर्भर बने। उन्होने कहा कि जब तक सृष्टि रहेगी तब तक गांधी व शास्त्री जी के विचारों सभी के लिये अनुकरणीय रहेंगे। उन्होने कहा कि हमेशा सच के साथ चलना चाहिए व मन और वाणी को हमेशा सकारात्मक रखना चाहिए। उन्होने कहा कि अपनी संस्कृति को कभी नही भूलना चाहिए व आने वाली पीढी. को अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी अवश्य देनी चाहिए ताकि अपनी संस्कृति को जीवित रखा जा सके। उन्होने कहा कि महात्मा गांधी जी के विचारों के अनुसार हमे अपनी कथनी और करनी में एकरूपता लानी चाहिए।

इस दौरान जिलाधिकारी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें जिलाधिकारी द्वारा स्वंय प्रतिभाग करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता अभियान में योगदान दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सफाई अभियान केवल एक दिन न चलाते हुए सत्त रूप से यह अभियान को चलाया जाये। इस सफाई अभियान की तरह हमारी जीवन शैली में भी बुराई रूपी गन्दगी को दूर करते हुए देश और समाज को आगे लेकर जायें। इ स दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ0 ललित नारायण मिश्र, जिला अपादा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी ने भी अपने विचार रखें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ललित नारायण मिश्र, उपजिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, ओसी मनीष बिष्ट, तहसीलदार नीतू डागर, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी सहित कलेक्ट्रट परिसर के अधिकारी/कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

### शारदीय नवरात्र की सप्तमी पर

# भगवान शंकर आश्रम ने 14 निर्धन परिवारों को राशन वितरित किया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून , 2 अक्टूबर, देवभूमि अवस्थित आर्यम इंटरनेशनल फ़ाउंडेशन के तत्त्वावधान में संचालित भगवान शंकर आश्रम द्वारा घोषित माँ अन्नपूर्णा भंडारा कार्ड योजना के अंतर्गत आज गुप्त नवरात्रि चतुर्थी के उपलक्ष्य में क्षेत्र के अतिनिर्धन और वंचित 14 परिवारों को मुफ़्त अक्टूबर माह का मासिक घरेलू राशन वितरित किया गया ।अधिशासी प्रवक्ता माँ यामिनी श्री के अनुसार ट्रस्ट के अध्यक्ष और आश्रम के मुख्य अधिष्ठाता परमप्रज्ञ जगतगुरु प्रोफ़ेसर पुष्पेंद्र कुमार आर्यम जी महाराज के निर्णय के अनुसार आश्रम द्वारा समग्र मानवता के कल्याण हेतु यह अभियान गत वर्ष से संचालित है ।श्री आर्यम जी महाराज ने नवरात्रि पर्व में सप्तमी तिथि के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "एक वेणी जपाकर्णपुरा नग्ना खरास्थिता ! लम्बोष्ठी कर्णिकाकणी तैलाभ्यक्तशरीरिणी !! वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टक भूषणा ! वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयङ्करी ! !देवी का यह स्वरूप अनंत एवं व्यापक है। कालरात्रि अर्थात काल को जीतने वाली माँ दुर्गा का सातवां स्वरूप कालरात्रि देखने में भयानक है, लेकिन सदैव ही शुभ फल दायिनी माता होने के कारण शुभंकरी भी कहा जाता है ।आश्रम द्वारा संचालित मुफ़्त भंडारा कार्ड योजना के अंतर्गत आज सितम्बर माह का राशन 14 परिवारों को वितरित किया गया ।इस सामग्री में सभी वस्तुओं की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा गया है। इन वस्तुओं में 15 किलो गेहूँ का आटा, 10 किलो चावल, 5 किलो चीनी, दो किलो काला चना, दो लीटर सरसों का तेल, चायपत्ती, धनिया पावडर, लाल मिर्च, पिसी हल्दी प्रत्येक 250 ग्राम, एक किलो नमक प्रदान किया जाता है ।अति निर्बल, बीमार और आने में असमर्थ परिवारों को राशन उनके घरों पर भी पहुँचाया जाता है। बच्चों द्वारा त्याग दिए गए वृद्ध व्यक्तियों ,निराश्रित विधवाओं, बेसहारों के अपंग, बीमार और अत्यंत निर्धन व्यक्तियों के लिए यह भंडारा कार्ड योजना आश्रम की तरफ़ से संचालित है जिसे शीघ्र ही अन्य अनेक स्थानों तक विस्तारित किया जाएगा ।आज के इस वितरण उत्सव में ज्ञानोदय वाटिका प्रमुख अविनाश सिंह अलग, आश्रम प्रबंधन समिति की ओर से माँ यामिनी, अश्विनी कुमार, अजय त्यागी, कल्याणी , जितेंद्र कुमार ,मनदीप आदि का योगदान रहा।



# हेरो और होंडा ने निकाले धमाकेदार ऑफ़र




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हर बार की तरह इस फेस्टिवल में भी हर तरह के प्रोडक्ट पर भारी छूट दी जा रही है. गाड़ियों के शौकीन लोगों के लिए खबर खास है। बाइक या स्कूटर खरीदना काफी सस्ता हो सकता है। होंडा कंपनी द्वारा दी जाने वाली कैशबैक, जीरो डाउन पेमेंट और नो इंटरेस्ट ईएमआई जैसे डिस्काउंट का फायदा उठाकर आप बेहद कम कीमत पर टू व्हीलर अपने घर ला सकते हैं।

हीरो को अपनी मोटरकार पर 5 साल की वारंटी, 3,000 रुपये तक की नकद छूट, एक साल का बीमा, 6 महीने की ईएमआई पर 0% ब्याज, गुडलाइफ गिफ्ट वाउचर पर 4,000 रुपये की छूट भी मिल सकती है ।कंपनी के मुताबिक कुछ शर्तों के साथ दोपहिया वाहन नो कॉस्ट ईएमआई यानी बिना ब्याज ईएमआई पर खरीदे जा सकते हैं। इसके अलावा स्कूटर या बाइक पर 5 प्रतिशत यानी अधिकतम 5 हजार रुपये का कैशबैक लिया जा सकता है ।स्टैंडर्ड चार्टर्ड, फेडरल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, वन कार्ड जैसे कार्डों का उपयोग करके कैशबैक का लाभ उठाया जा सकता है।

## संपादकीय

# मुफ्त अनाज से 5-जी तक

बीते सप्ताह दो महत्त्वपूर्ण ख़बरें सामने आईं। एक, केंद्रीय कैबिनेट ने 80 करोड़ गरीब लोगों के लिए मुफ्त अनाज की योजना तीन महीने, 31 दिसंबर, 2022 तक, बढ़ाने का फैसला लिया। दूसरी, प्रधानमंत्री मोदी ने 5-जी संचार सेवा की शुरुआत का बटन दबाया। फिलहाल यह 13 शहरों में ही उपलब्ध है। दोनों घटनाओं में साझापन यह है कि भारत आज भी गरीबी, महंगाई, बेरोजग़ारी से त्रस्त है, लेकिन प्रौद्योगिकी के विकास में नए आसमान छू रहा है। सवाल यह है कि जो भारत हमारे सामने है, क्या उसके लिए 5-जी बहुत जरूरी है अथवा हम एक अंधी वैश्विक दौड़ में शामिल हैं? मुफ्त अनाज 2020 में कोरोना की वैश्विक महामारी के मद्देनजर सरकार ने मुहैया कराना शुरू किया था। जब इस योजना को सितंबर, '22 तक बढ़ाने का बुनियादी फैसला प्रधानमंत्री ने लिया था, तब वित्त से जुड़े शीर्ष अधिकारियों और विशेषज्ञों ने आगाह किया था कि अब योजना को समाप्त किया जाए, नहीं तो इसका अर्थव्यवस्था पर उलटा असर पड़ेगा। करीब 80,000 करोड़ रुपए के नुकसान और बोझ का अनुमान लगाया गया था। बहरहाल प्रधानमंत्री के विशेषाधिकार के सामने तमाम दलीलें बेमानी हैं। तब भी कुछ चुनाव होने थे और अब भी गुजरात और हिमाचल में विधानसभा चुनाव करीब हैं, लिहाजा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, यानी 5 किलोग्राम मुफ्त अनाज प्रति व्यक्ति, की अवधि बढ़ाई गई है। आकलन है कि इससे 45,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ देश के खजाने पर पड़ेगा। भारत पर कजर्.का बोझ भी काफी है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति का नया अनुमान है कि 2022-23 के वित्त वर्ष में आर्थिक विकास दर 7.2 फीसदी के बजाय 7 फीसदी रह सकती है। यह उससे कम भी हो सकती है। कोर सेक्टर के 8 क्षेत्रों में विकास दर 3.3 फीसदी तक लुढक़ आई है और मुद्रास्फीति की दर 6.7 फीसदी ही रह सकती है। मई से सितंबर के दौरान रेपो रेट चार बार बढ़ाने पड़े हैं। यह बोझ भी आम आदमी को झेलना पड़ रहा है। चूंकि मुफ्त अनाज 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुहैया कराया जा रहा है, लिहाजा साफ है कि इतने लोगों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़.नहीं है कि वे अपने भोजन का बंदोबस्त कर सकें। सरकार मुफ्त अनाज बांटेगी, तो उनका गुजर-बसर होगा। हालांकि देश में खाद्य सुरक्षा कानून की व्यवस्था है, जिसके तहत गेहूं, चावल, चीनी आदि बेहद सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। उसके बावजूद 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज बांटना पड़ रहा है, यह स्थिति समझ के परे है। ऐसे परिदृश्य में 5-जी संचार प्रौद्योगिकी का आगाज़ अनिवार्य नहीं लगता। बेशक यह सराहनीय, वैज्ञानिक उपलब्धि है, लेकिन सरकारी अनाज को मोहताज तबके के लिए यह सवालिया और चिंतनीय है। अभी तक 4-जी से काम अच्छी तरह चल रहा था। जो आदमी गरीब, भूखा और बेरोजग़ार है, उसे स्मार्ट मोबाइल खरीदने को बाध्य करना उचित नहीं है। बेशक 5-जी के बाद कोई भी मूवी 5-7 सेकंड में डाउनलोड की जा सकेगी, इंटरनेट की गति कई गुना बढ़ जाएगी, दूर बैठा डॉक्टर एक रोबोट के जरिए दिल का ऑपरेशन भी कर सकेगा, संचार में क्रांति के आयाम जुड़ेंगे और ऐसे ही असंख्य काम किए जा सकेंगे। इंटरनेट गांवों में क्या अभी शहरों में भी कट-कट कर आता है। देश में 6 लाख से ज्यादा गांव और पंचायतें हैं। गली में चलने वाला रिक्शाचालक न तो कार्ड से और न ही डिजिटल तरीके से मजदूरी लेगा। कई केंद्रों और बड़ी दुकानों पर आज भी नकद ही मांगते हैं, क्योंकि अभी नई प्रौद्योगिकी समझ के बाहर है।

# नारी निकेतन में शुरू हुआ ऊन कताई प्रशिक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 2 अक्टूबर। गांधी जयंती के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने नारी निकेतन में खादी विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे 30 दिवसीय ऊन कताई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने गांधी जयंती के अवसर पर उन कताई प्रशिक्षण आरंभ किए जाने हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला ग्रामउद्योग खादी बोर्ड द्वारा इस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है जिसमें नारी निकेतन में रह रही संवासिनियों द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया जा रहा है।इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी डॉ अलका पांडे, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।







# क्या आपके आस-पास की सड़कों में हैं गड्ढे, अब आप यहां कर सकते हैं शिकायत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए सरकार के साथ-साथ आम नागरिकों की भी जरूरत है।आपको बता दें कि सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए शुरू किए गए फेसबुक पेज 'पैचलेस रोड्स ऑफ देहरादून' पर जनता खुलकर सड़कों की बदहाली की कहानी बता रही है.अच्छी बात यह है कि फेसबुक पेज के साथ-साथ ईमेल पर भी दर्ज सभी शिकायतों पर जिला प्रशासन संज्ञान ले रहा है. सभी शिकायतों की समीक्षा भी शुरू कर दी गई है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन सड़कों पर बड़े पैमाने पर काम नहीं किया जाना है, उनकी मरम्मत दो से तीन दिन के अंदर पूरी कर ली जाए और सभी सड़कें गड्ढा मुक्त होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि फेसबुक पेज पर आने वाली शिकायतों के अलावा अधिकारी अपने क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत पर ध्यान दें.सड़कों की बदहाली से नागरिकों की जान को खतरा हो तो यह गंभीर मामला है।जिलाधिकारी ने जनता से अपील की कि फेसबुक पेज पर जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सड़कों की जानकारी दी जाए। ताकि संबंधित क्षेत्रों की सड़कों को जल्द ही सुधारा जा सके।ईमेल @ - पैचलेसरोड्सोफ्देहरादुन@gmail.com



# मंत्री रेखा आर्या ने किया राष्ट्रीय पोषण अभियान का समापन

## कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किए 20 महालक्ष्मी किट ,8 गोद भराई किट, 10 स्वच्छता किट और 300 सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण



- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किए 20 महालक्ष्मी किट ,8 गोद भराई किट , 10 स्वच्छता किट और 300 सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण
- प्रदेश मे खेल को लेकर सरकार है गम्भीर , मेडल जीतकर आने वाले खिलाडियों के नगद पुरस्कार मे की गई है बढोत्तरी रेखा आर्या
- कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने सभी प्रदेश वासिंयो से की अपील कहा की खेल महाकुम्भ चल रहा है सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिभाग करने के लिए करें प्रेरित

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हल्द्वानी , 3 अक्टूबर ,राष्ट्रीय पोषण अभियान का समापन राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवपुर कुरियागांव में जनपद प्रभारी एवं महिला सशक्तिकरण बाल विकास मंत्री रेखा आर्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर जनपद प्रभारी मंत्री रेखा आर्या द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती के उपलक्ष्य पर प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित किये गये। कार्यक्रम मेंमहिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास द्वारा अभिप्रेरणा पुस्तक का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में मंत्री रेखा आर्या द्वारा महालक्ष्मी किट 20, गोद भराई किट 08, स्वच्छता किट 10 एवं सिलाई प्रशिक्षण प्रमाण पत्र 300 महिलाओं को दिये गये। अपने सम्बोधन में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास की स्थापना पर सभी को बधाई दी। साथ ही राज्य आन्दोलनकारी जो आज ही के दिन शहीद हो गये थे, उनकी शहादत पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। उन्होंने कहा कि कुपोषण की लड़ाई के लिए उत्तराखण्ड में कुपोषित बच्चों को पोषण आहार दिया जा रहा है। इसके माध्यम से हमारी सरकार उत्तराखण्ड को रजत जयन्ती समारोह के उपलक्ष्य पर कुपोषण मुक्त राज्य बनायेंगे इसके लिए हम सभी को सहयोग देना होगा तभी हम कुपोषित मुक्त राज्य बना सकेते हैं। उन्होंन कहा कि प्रधानमंत्री मातृवन्दना योजना के अन्तर्गत महिलाओं को प्रथम बच्चे के जन्म के अवसर पर 5 हजार रूपये दिये जा रहे हैं जिससे जच्चा व बच्चा स्वास्थ्य रहे। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार द्वारा 6000 लोंगों को महालक्ष्मी किट प्रसव के उपरान्त दिये गये है। इससे गरीब जनमानस अपने बच्चे और बच्चे की माता का संर्वार्गिण विकास हो सके सरकार इसके लिए तत्पर है। उन्होने कहा महालक्ष्मी किट के साथ-साथ गौराधन योजना के अन्तर्गत कन्या के जन्म पर 11 हजार की धनराशि दी जाती है। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड राज्य जब रजत जयन्ती समारोह मनायेगा तब उत्तराखण्ड का लडके और लडकियों का लैंगिक अनुपात बराबर होगा। इसके लिए समाज के सभी लोगों का सहयोग आवश्यक होगा तभी हम बालक और बालिकाओं के अनुपात को बराबर कर सकते है। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे खेल को लेकर सरकार गम्भीर है, मेडल जीतकर आने वाले खिलाडियों के नगद पुरस्कार मे बढोत्तरी कर दी है। उन्होंने कहा जो खिलाडी राष्टीय एवं अन्तर्राष्टीय स्तर पर खेलते हैं उन्हें सरकार 4 प्रतिशत आरक्षण देगी। उन्होंने कहा आज का समय खेल व शिक्षा का है। मंत्री आर्या ने कहा कि खेल में खिलाडी अपनी प्रतिभा देकर आर्थिकी अर्जित कर सकता है। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने खेल छात्रवृत्ति बढाकर 1500 कर दी है। मंत्री रेखा आर्या ने सभी प्रदेश वासिंयो से अपील की है कि खेल महाकुम्भ चल रहा है सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर आगनबाडी कार्यकत्रियों द्वारा स्टाल भी लगाये गये। इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, अध्यक्ष दुग्ध संघ मुकेश बोरा, समीर आर्य, ब्लाक प्रमुख रूपा देवी, ब्लाक प्रमुख (धारी)आशा रानी, पार्षद प्रमोद तोलिया, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास अधिकारी शिल्पी जोशी, पूनम रौतेला, ग्राम प्रधान ज्योति, नरेन्द्र मेहरा, दिनेश प्रसाद, त्रिवेणी ग्वाल के साथ ही आंगनबाडी कार्यकत्री उपस्थित रहीं।

**कुपोषण की लड़ाई के लिए उत्तराखण्ड में दिया जा रहा है कुपोषित बच्चों को पोषण आहार- रेखा आर्या**



# डिप्लोमा बेरोजगारों के आमरण अनशन को कांग्रेस का समर्थन : सूर्यकांत धस्माना

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 2 अक्टूबर। राज्य में सम्पन्न हुई संयुक्त कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा 2021 में सिंचाई विभाग के 228 पदों को विभागीय मंत्री व मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद सम्मलित न किये जाने से आक्रोशित आंदोलनरत बेरोजगार डिप्लोमा संघ ने आज अपना आंदोलन तेज करते हुए राजधानी देहरादून में आमरण अनशन शुरू कर दिया। डिप्लोमा इंजीनियर के साक्षात्कार के लिए चयनित बेरोजगारों ने प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना को अपने मध्य आमंत्रित कर उनके हाथों आमरण अनशन शुरू करने वाले अम्बरीष कुमार का माल्यर्पण करवा कर धस्माना से सरकार पर दबाव बना कर उनकी मांग मनवाने के आग्रह किया। इस अवसर पर सूर्यकांत धस्माना ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उत्तराखंड राज्य आंदोलन में शहीद आंदोलनकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि क्या राज्य के लिए कुर्बानियों देने वालों व संघर्ष करने वालों ने इस दिन के लिए राज्य बनवाया था कि राज्य गठन के 22 वर्षों बाद प्रदेश के नौजवानों को अपनी रोजी रोटी के लिए आमरण अनशन पर बैठना पड़ेगा। सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि छद्म राष्ट्रवाद वालों ने प्रदेश के युवा को धर्म की लड़ाई में व्यस्त कर दिया और खुद अधर्म का रास्ता अपना कर नौकरियों के बाज़ार सज़ा कर नौकरियां या तो नीलाम कर दी



या अपने भाई भतीजों व निकट रिश्तेदारों को तोहफे में बांट कर उत्तराखंड के बेरोजगारों के हक़ पर डाका डालने का पाप किया। धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का नौकरी महाघोटाला हो या विधनसभा भर्ती घोटाला आज पूरे प्रदेश का युवा अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि #यूकेट्रिपलएस_सी घोटाले से बड़ा धोखा राज्य के नौजवानों के साथ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इस महाघोटाले में शामिल हाकम सिंह का असली हाकिम कौन है इसको क्यों उजागर नहीं किया जा रहा। कांग्रेस नेता धस्माना ने कहा कि जिस दिन हाकम सिंह के असली हाकिम का पता चल गया उस दिन उत्तराखंड की राजनीति में भूचाल आ जायेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 2021 में कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा में मूल विज्ञप्ति में 1000 पद थे किन्तु बाद में सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता के 228 पद मुख्यमंत्री व विभागीय मंत्री की घोषणा के बाद भी हटा दिए गए जो सरासर बेरोजगार पड़े लिखे योग्य बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है जिसे हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। सीनियर लीडर धस्माना ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का पूरा समर्थन इस लड़ाई को है, उन्होंने कहा कि वे आमरण अनशन में सहयोग के रूप में पूरे एक दिन आमरण अनशन स्थल पर अनशन में स्वयं बैठेंगे और जब भी जरूरत पड़ेगी वे पूरी पार्टी के साथ बेरोजगारों के साथ कंधे से कंधा मिला कर संघर्ष करेंगे। सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि वे इस विषय पर स्वयं मुख्यमंत्री से भी वार्ता करेंगे जिससे यह मांग स्वीकृत हो और आमरण अनशन समाप्त हो। आमरण स्थल पर आंदोलनकारियों को उत्तराखंड बेरोजगार संघ के श्री बॉबी पंवार ने भी संबोधित किया। संबोधन से पूर्व धस्माना व बॉबी पंवार ने आमरण अनशन पर बैठाने वाले अम्बरीष कुमार का माल्यार्पण किया।

दैनिक
न्यूज वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक :
मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक
आशीष तिवारी
दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा